माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय,सहारनपुर

(पुँवारका,सहारनपुर,उ0प्र0,पिन–247120)

website-msuniversity.ac.in E-mail id – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 138 /प्रवे०/MSU / 2026–27 दिनांक : 12/05/2026

प्रेस विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों / संस्थानों में संचालित स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के समस्त पाठ्यक्रमों में सत्र 2026–27 में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीकरण दिनांक 12.05.2026 को अपरान्ह से प्रारम्भ होगें। उक्त के सम्बन्ध में सूचित किया जाता है कि विश्विद्यालय द्वारा सत्र 2026–27 में विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों / संस्थानों में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश ऑनलाईन पंजीकरण एवं प्रवेश समर्थ पोटर्ल के माध्यम से किए जाऐंगें।

अतः जिन अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों / संस्थानों में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीकरण कराना है उन अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वह अपना ऑनलाईन पंजीकरण विश्वविद्यालय की वैबसाईट www.msuniversity.ac.in पर जाकर Admission 2026-27 पर क्लिक करके करा सकते है।

प्रवेश पंजीकरण के लिए अभ्यर्थी द्वारा रू0 115 /– का पंजीकरण शुल्क प्रति पाठ्यक्रम (M.Ed, LLM, BPES, B.Sc(PHES), M.P.Ed, B.P.Ed Master of Law के अतिरिक्त) Online माध्यम से किया जायेगा। अभ्यर्थी पहले एक पाठ्यक्रम / कॉलेज / परिसर का चयन कर पंजीकरण शुल्क जमा करेगा, और फिर अभ्यर्थी उसी पंजीकरण शुल्क पर अन्य पाठ्यक्रम / कालेज / परिसर विभाग का चयन कर सकता है। यदि अभ्यर्थी अन्य पाठ्यक्रम का चयन करता है तो उसे इस पाठ्यक्रम का शुल्क Online जमा करना होगा। अभ्यर्थी अधिकतम 05 पाठ्यक्रम / कालेज / परिसर का चयन कर सकता है। समर्थ पोर्टल पर ऑनलाईन प्रवेश पंजीकरण करने हेतु step to step procedure प्रवेश पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। अतः अभ्यर्थी पंजीकरण करने हेतु उक्त का संज्ञान ले सकता है।

सम्बन्धित महाविद्यालय अपने स्तर से यह भी सुनिश्चित करेंगे कि सम्बंधित पाठ्यक्रम में महाविद्यालय को सत्र 2026–27 में सम्बद्धता प्राप्त है। अन्यथा की स्थिति में लिए गए प्रवेश मान्य नहीं होंगे और इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय का होगा।

(प्रो0 संजय कुमार)
प्रवेश समन्वयक
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

01. कुलपति कार्यालय को मा० कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
02. कुलसचिव।
03. वित्त अधिकारी।
04. उपकुलसचिव (प्रवेश)।
05. सह समन्वयक प्रवेश को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु।
06. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर से सम्बद्ध महाविद्यालयों / संस्थान को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु।
07. समस्त स्थानीय प्रेस प्रवक्ताओं को छात्र हित में अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र में निशुल्क प्रकाशित कराने हेतु।
08. विश्वविद्यालय प्रोग्रामर समर्थ पोर्टल (प्रवेश सैल)।
09. विश्वविद्यालय वेवसाईट मेन्टेनर को विश्वविद्यालय वेवसाईट पर अपलोड कराये जाने हेतु।
10. गार्ड फाईल।

(प्रो0 संजय कुमार)
प्रवेश समन्वयक